स्वच्छता अभियान चलाते यूटीडीबी की टीम।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### गांधी जयंती पर राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा

**संवाददाता** देहरादून। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कृष्ण कुमार मिश्रा ने अवगत कराया है कि 02 अक्टूबर को गांधी जयंती पर सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा प्रातः 8 बजे महात्मा गांधी जी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण करते हुए गांधी/शास्त्री जी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा एवं उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला जाएगा।

### गांधी जयंती पर बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**संवाददाता** देहरादून। डीएम डॉ. आर राजेश कुमार ने अवगत कराया है कि गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को जनपद की समस्त देशी–विदेशी मदिरा/ बियर की दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेगी। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को जनपद में आदेशों का अनुपालन करवाने एवं समस्त आबकारी निरीक्षकों को अपने–अपने क्षेत्रों में समस्त आबकारी अनुज्ञापनों को पूर्णतया बंद (सील) करना सनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारियों/थानाध्यक्षों को अपने क्षेत्र में अवेध मदिरा की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

### स्वच्छता की अलख जगा रहा पर्यटन विभाग का स्वच्छता अभियान

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने "स्वच्छ भारत" का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया और इसके सफल कार्यान्वयन हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। सतपाल महाराज पर्यटन मंत्री ने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें स्वच्छता को संस्कार बनाना होगा।

### एयरटेल ने ग्राहकों के लिए मेड–इन–इंडिया डीटीएच सेट टॉप बॉक्स किया लांच

**संवाददाता** देहरादून। भारती एयरटेल (एयरटेल) की डीटीएच शाखा, एयरटेल डिजिटल टीवी की ओर से ग्राहकों के लिए मेड–इन–इंडिया हाई डेफिनिशन सेट टॉप बॉक्स पेश किया गया है। सेट टॉप बॉक्स का निर्माण स्काईवर्थ इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा उत्तर प्रदेश के नोएडा में किया जा रहा है। एयरटेल ने 2021 के अंत तक हाई–एंड एयरटेल एक्सस्ट्रीम 4के एंड्रॉइड टीवी बॉक्स सहित मेड–इन–इंडिया सेट टॉप बॉक्स में पूरी तरह से परिवर्तन करने की योजना बनाई है।

## राष्ट्र की उन्नति में उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिकाः सीएम

कार्यक्रम

■ सीएम ने किया पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास से पीएचडी चौम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि किसी समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में उद्योगों से जुड़े लोगों की समस्याओं का सरलीकरण कर समाधान किया जा रहा है। उत्तराखंड में जितने भी उद्योग स्थापित हुए हैं, उनकी समस्याओं को दूर कर उनके विकास के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे।





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा राज्य को दिये गये औद्योगिक पैकेज से प्रदेश में बड़ी संख्या में उद्योगों की स्थापना हुई है। भविष्य में राज्य में और अधिक उद्योग स्थापित हों इसके लिये हमारे उद्यमी ही हमारे ब्राण्ड एम्बेसडर हैं। राज्य में इन्वेस्टर समिट के आयोजन के बाद उद्योगपतियों का रूझान उत्तराखण्ड के प्रति तेजी से बढ़ा है। राज्य का वातावरण पूर्णतः उद्योगों के अनुकूल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्पूर्ण देश में भी यह संदेश जाना चाहिए कि उत्तराखंड उद्योगों के लिए एक श्रेष्ठ डेस्टिनेशन है। उन्होंने कहा कि सरकार और उद्योगपतियों के बीच लगातार संवाद किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। राज्य में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार से राज्य को पूरा सहयोग मिल रहा है। सड़क, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी राज्य में तेजी से बढ़ रही है। आने वाला समय उत्तराखण्ड में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बहुत अच्छा होगा।

इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से पीएचडी चौम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सीएमडी आईटीसी लि. संजीव पुरी, उद्योग जगत से जुड़े आलोक किलोस्कर, मनीष भटनागर, प्रदीप मुल्तानी मौजूद थे।

### वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली को मुख्यमंत्री ने पुण्यतिथि पर याद किया

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली की पुण्य तिथि की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी में उनका अविस्मरणीय योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली ने निहत्थे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर गोली चलाने से इन्कार कर एक नई क्रान्ति का सूत्रपात किया था। वे साहस की प्रतिमूर्ति थे, तथा अपने मजबूत इरादों की वजह से किसी के आगे नहीं झुके। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर नायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के क्रान्तिकारी व्यक्तित्व तथा देश को पराधीनता से मुक्त कराने में उनके योगदान को सदैव याद किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली के सपने के अनुरूप उत्तराखण्ड के समग्र विकास की दिशा में राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत है।

## आंदोलनकारी चिन्हिकरण मानकों में ढील को सीएम से लगाई गुहार

आग्रह

■ मोर्चा ने श्रमिकों पर दर्ज मुकदमा वापसी का भी किया आग्रह

**संवाददाता**

देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा प्रतिनिधिमंडल ने मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से मुलाकात कर राज्य आंदोलनकारी चिन्हिकरण मानकों में ढील एवं श्रमिकों पर दर्ज हुए मुकदमे वापसी को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव, गृह को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। नेगी ने कहा कि प्रदेश में आज भी हजारों आंदोलनकारी चिन्हित होने से वंचित हैं, जिसका मुख्य कारण पुष्ट दस्तावेजों का अभाव है।



कई वंचित आंदोलनकारियों ने दिन– रात एक कर आंदोलन में प्रतिभाग किया था तथा गिरफ्तारियां भी दी थी, जिनको गिरफ्तारी के पश्चात शाम को रिहा कर दिया गया था, लेकिन उनके पास इसका कोई पुष्ट प्रमाण नहीं हैं। नेगी ने कहा कि सरकार द्वारा हाल ही में चिन्हिकरण की प्रक्रिया 31/12/ 2021 तक निर्धारित की है, लेकिन इसका फायदा आंदोलनकारियों को तभी मिल सकता है ,जब मानकों में ढील होगी। इसके अतिरिक्त मोर्चा ने श्रमिकों पर वर्ष 2006 में दर्ज हुआ मुकदमा वापसी को लेकर भी मा.मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

मोर्चा को उम्मीद है कि शीघ्र ही वंचित राज्य आंदोलनकारियों का चिन्हिकरण हो सकेगा। प्रतिनिधिमंडल में भीम सिंह बिष्ट मौजूद थे।

### मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. सन्धु ने परिवहन विभाग की समीक्षा की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. सन्धु ने गुरुवार को सचिवालय में परिवहन विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग को अपग्रेड करने के लिए अन्य प्रदेशों द्वारा अपनायी जा रही बेस्ट प्रेक्टिसिस का अध्ययन कर प्रदेश में भी लागू किया जाए। मुख्य सचिव ने डग्गामारी को रोकने के लिए विशेष प्रयास किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सेंट्रलाइज्ड कन्ट्रोल रूम तैयार किया जाए। साथ ही, मॉनिटरिंग एवं सर्विलांस सिस्टम का आधुनिकीकरण करते हुए एनपीआर कैमरा इंस्टॉलेशन कार्य में तेजी लायी जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले दिनों डग्गामारी पर लगाम लगाए जाने से अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। डग्गामारी रूकने से परिवहन निगम की बसों में यात्रियों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने परिवहन निगम को बसों के फेरे बढ़ाए जाने हेतु प्रयास किए जाने के भी निर्देश दिए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।